प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- अंतर्राष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन आज से इन्दौर में–21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ भाग ले रहे है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की शुरूआत।
- प्रदेश के बिजली निगमों के कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए जल्द ही एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू होगा।
- राज्य में एक बार फिर गर्मी ने जोर पकडा–श्रीगंगानगर में पारा 45 डिग्री के पार पंहुचा।

00000

अंतर्राष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन आज से इन्दौर में शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना है। ये बैठक 13 जून तक चलेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस वर्ष ब्रिक्स संगठन की भारत की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में किसानों की आमदनी, रोजगार, आजीविका, कृषि ऋण और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी।

---------

000

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोहों का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित गर्भावस्था और मातृत्व को सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2016 को इस योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण प्रसव–पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। समारोह के दौरान श्री नड्डा 75 रुपये का स्मारक सिक्का और 5 रुपये का डाक टिकट भी जारी करेंगे। इससे पहले कल श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना पात्र लाभार्थियों को अस्पताल में भर्ती होने के लिए हर साल प्रत्येक परिवार को पांच लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। उन्होंने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि ये विश्व की सबसे बडी स्वास्थ्य बीमा योजना है।

------

**0000**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और पुलिस बलों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किया। इनमें बारां जिले के कुंजेड निवासी भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन अनिमेश पाटनी भी शामिल है। ग्रुप कैप्टन अनिमेश को असाधारण वीरता, नेतृत्व और रणनीतिक कौशल के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गय। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री तथा सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

0000

प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए चलाये गये प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा के तीसरे चरण में पांच हजार 410 लोगों ने नशामुक्त राजस्थान का संकल्प लिया है। राजस्थान पुलिस के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से ये प्रोजेक्ट चलाया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस कार्रवाई के साथ–साथ सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी भी जरूरी है। अभियान

के दौरान स्कूल–कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पांच सौ मीटर के दायरे को सख्ती से नशामुक्त क्षेत्र बनाया जा रहा है। इसके अलावा नशीली गतिविधियों की गुप्त सूचना देने के लिए शिकायत पेटियां भी लगाई गई हैं।

0000

प्रदेश के बिजली निगमों के कामकाज को पारदर्शी और अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए जल्द ही एकीकृत ईआरपी यानी एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली लागू की जाएगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कल जयपुर में आयोजित बैठक में इसके लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से निगमों में निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी और कामकाज में कम खर्चा आयेगा। साथ ही मानव संसाधन, वित्त, लेखा और परिसंपत्तियों के प्रबंधन जैसे काम एक ही प्लेटफॉर्म पर आ सकेंगे। इससे उपभोक्ताओं की बिलिंग और शिकायतों का निवारण भी आसान हो जाएगा। बैठक में ऊर्जा सचिव आरती डोगरा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के करीब एक करोड़ पचानवे लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल रहा है। 'बिजली मित्र' ऐप के जरिए लोग घर बैठे कनेक्शन और बिल भुगतान जैसी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं।

0000

प्रदेश में 21 जून को मनाये जाने वाले बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। योग दिवस पर शिक्षण संस्थानों, पुलिस थानों, जेलों, प्रमुख पर्यटन और विश्व विरासत स्थलों पर सुबह छह से आठ बजे तक विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कल शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में इन तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों और जिला कलेक्टरों को **योग संगम** पोर्टल पर अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस वर्ष योग दिवस का विषय **स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग** रखा गया है। इस बीच प्रदेशभर में योगा डे काउन्ट डाउन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी। कल हनुमानगढ़ के नर्सिंग महाविद्यालय में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसमें आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक ने विद्यार्थियों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया। भरतपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए ऑनलाईन योग सत्र आयोजित किया जायेगा। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने सभी विभागों को इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोडने के निर्देश दिए है।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि वित्तीय प्रबंधन में तकनीक का बढ़ता उपयोग जवाबदेही को मजबूत कर रहा है। मुख्य सचिव ने कल जयपुर में वित्त भवन स्थित कोष और लेखा निदेशालय के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। उन्होंने साइबर ट्रेजरी और ई–ट्रेजरी की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए वित्तीय प्रशासन को अधिक पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित बनाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं को ेछ। **स्पर्श पोर्टल** पर जल्द जोड़ने और **जस्ट–इन–टाइम** भुगतान प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने को कहा। उन्होंने सर्वर की नियमित निगरानी और साइबर सुरक्षा उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

0000

जयपुर विकास प्राधिकरण ने कल जगतपुरा के नंदपुरी अंडरपास क्षेत्र में बडे पैमाने पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान जेडीए के मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित अस्सी फीट चौड़ी सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जेडीए के इस बड़े अभियान के दौरान सड़क सीमा में आ रहे एक सौ पच्चीस से अधिक अवैध निर्माणों और पांच धार्मिक ढांचों को हटा दिया गया है।

0000